हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 21 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 25 .0डिग्री
न्यूनतम 14 .3 डिग्री

10 दरियादिली : मृतक के परिवार को दी 15 लाख ...



12 इत्ती सी बरसात से निकासी प्रबंधों का फूला दम, शाम ...






## शहर में आज

- आंबेडकर चौक सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर।
- मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारियों की बैठक
- बिजली निगम के कर्मचारियों का मांगों को लेकर प्रदर्शन

**बिजली कट**

- सुबह 2 से 8 बजे तक महिला आश्रम रोड, रामलीला ग्राउंड, मेडिकल मोड, संजय कॉलोनी, रूप विहार, दरियाओ नगर, दिल्ली रोड, जवाहर नगर, प्रेम चौंक, गांधी कैम्प मार्किट, को-ऑपरेटिव बैंक, गोहाना रेलवे लाइन, दिल्ली रोड, माशिजा गुरुद्वारा, डीएलएफ पार्क के पास का एरिया अशोका चौक के पास का क्षेत्र बंद रहेगा

## खबर संक्षेप

### मजदूर लापता, अपहरण की आशंका में केस दर्ज

**सांपला।** हसनगढ़ स्थित डीएस भट्टे से एक मजदूर के लापता होने का मामला सामने आया है। साथी तासीन की शिकायत के अनुसार सोरभ सुबह आटा लेने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर अपहरण की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर थाना सांपला में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीपीईडी-डीपीईडी की परीक्षाओं के परिणाम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2025 में आयोजित बीपीईडी व डीपीईडी परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बीपीईडी (2 वर्षीय) प्रथम, तृतीय (फ्रेश व री-अपीयर) तथा चतुर्थ सेमेस्टर (केवल री-अपीयर) तथा डीपीईडी (2 वर्षीय) प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (फ्रेश व री-अपीयर) कि परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं।

## एजेंडा न केवल विवि के प्रशासनिक ढांचे को प्रभावित करेगा, बल्कि हजारों छात्रों और सैकड़ों शिक्षकों के भविष्य की दिशा भी तय करेगा

**कैंपस में 1.5 टीडीपी बायोगैस प्लांट की स्थापना को मिलेगी मंजूरी**

# एमडीयू में ईसी की बैठक 23 को, 111 शिक्षकों की पदोन्नति पर होगा फैसला

**बीपीएल छात्रों को ट्यूशन फीस और हॉस्टल शुल्क में रियायत के प्रस्ताव पर चर्चा होगी**

**नई शिक्षा नीति के तहत नए कोर्स और स्किल प्रोग्राम शुरू करने की भी तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में 23 मार्च को कार्यकारी परिषद (ईसी) की 304वीं बैठक होगी। इस बैठक का एजेंडा न केवल विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे को प्रभावित करेगा, बल्कि हजारों छात्रों और सैकड़ों शिक्षकों के भविष्य की दिशा भी तय करेगा। कुलपति की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में प्रमुख एजेंडे रखे जाएंगे। इनमें शिक्षकों की पदोन्नति (सीएएस), नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत नए व्यावसायिक पाठ्यक्रम और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वाले छात्रों को ट्यूशन फीस और हॉस्टल शुल्क में रियायत देने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। एजेंडे में लगभग 111 शिक्षकों की पदोन्नति पर मुहर लग सकती है। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा शिक्षकों की पदोन्नति से जुड़ा है। इसमें विभिन्न विभागों के शिक्षकों को करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत स्टेज-II से III, स्टेज-IV (एसोसिएट प्रोफेसर) और स्टेज-V (प्रोफेसर) के पदों पर पदोन्नति देने के लिए चयन समितियों की सिफारिशों पर मुहर लग सकती है।



### सेवानिवृत्त शिक्षकों को अनुबंध पर दोबारा नियुक्त करने पर चर्चा

सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनकी विशेषज्ञता के आधार पर अनुबंध पर दोबारा नियुक्त करने और उनके कार्यकाल विस्तार (जैसे डॉ. रंजना जायसवाल और डॉ. राहुल ऋषि) पर भी चर्चा होगी। विशिष्ट अतिथि प्राध्यापकों की नियुक्ति और उनके कार्यकाल विस्तार को भी मंजूरी पर चर्चा की जाएगी। गणित विभाग में बीएससी मैथ और मैनेजमेंट फैकल्टी के तहत बीबीए (हॉस्पिटैलिटी एंड सर्विसेज मैनेजमेंट) 4-वर्षीय कोर्सेज को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू करने का प्रस्ताव है। ये कोर्स 'अपेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम मॉडल पर आधारित होंगे। पीजी डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स और एमएससी (स्टैटिक्स) को एनईपी-2020 के तहत शामिल करने की तैयारी है।

### मूक-बधिर छात्रों को वित्तीय सहायता देने पर बन सकती है सहमति

आंतरिक मूल्यांकन के अंकों में सुधार, सुधार शुल्क और विशेष परीक्षाओं के आयोजन के नियमों को और अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन उन छात्रों के प्रति नरम रुख अपना रहा है जो किन्हीं कारणों से अपनी डिग्री पूरी नहीं कर पाए। वर्ष 2001 के बाद से पंजीकृत यूपी व पीजीके उन छात्रों को अपनी डिग्री पूरी करने या डिवीजन सुधारने का एक और मौका दिया जाएगा, जिनका समय समाप्त हो चुका है। गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहने वाले छात्रों को ट्यूशन फीस और हॉस्टल शुल्क में रियायत देने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। भारतीय सांकेतिक भाषा में डिप्लोमा करने वाले मूक-बधिर छात्रों को वित्तीय सहायता और मुफ्त शिक्षा देने का ऐतिहासिक फैसला लिया जा सकता है।

### 11 शिक्षकों की नियुक्ति पर सस्पेंस

एमडीयू में कुछ दिनों पहले 11 नए शिक्षकों की नियुक्ति हुई। 18 फरवरी को ईसी की स्थगित कर हो गई थी। उस बैठक में शिक्षकों की नियुक्ति पर चर्चा होनी थी। अब 23 मार्च को ईसी की बैठक होगी। बैठक 11 नए शिक्षकों की नियुक्ति पर संशय बना हुआ है। अभी तक यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि 11 नए शिक्षकों की नियुक्ति पर चर्चा होगी या नहीं।

### वरिष्ठ प्रोफेसरों से जुड़े विवादों की रिपोर्ट सामने रखी जाएगी

एजेंडे में वरिष्ठ प्रोफेसरों से जुड़े विवादों और जांच समितियों की रिपोर्ट परिषद के सामने रखी जाएगी। एचकेआरएन पोर्टल के माध्यम से नियुक्त 115 अनुबंध कर्मचारियों के डेटा को अपलोड करने और उनकी सेवाओं को विनियमित करने पर चर्चा होगी। शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए सर्विस एग्रीमेंट फॉर्म में संशोधन और आकस्मिक अवकाश नियमों को हरियाणा सरकार के नियमों के अनुरूप ढालने का प्रस्ताव है। कैंपस में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 1.5 टीडीपी बायोगैस प्लांट की स्थापना हेतु एमडीयू साहास एनजीओ और नवरंभ सोशल फाउंडेशन के बीच हुए एमओयू को हरी झंडी मिल सकती है।

### एमडीयू में 10 करोड़ फंड और डिजिटल मूल्यांकन की तैयारी

पंडित दीन दयाल उपाध्याय कौशल आधारित प्रोत्साहन योजना के लिए 10 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड बनाने का प्रस्ताव है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और परीक्षा परिणामों को और तेज करने के लिए नए सॉफ्टवेयर और ओएमआर शीट के उपयोग को मंजूरी दी जाएगी। विश्वविद्यालय ने हाल ही में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ समझौते किए हैं। जिला बाल कल्याण परिषद रोहतक और जेएसडब्लू स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुए समझौतों को परिषद के सम्मुख पुष्टि के लिए रखा जाएगा।

## सब्जी मंडी में आढ़ती को बनाया शिकार

# 5.70 लाख और स्कूटी लेकर नौकर हुआ फरार

- बैंक में पैसे जमा करवाने के लिए स्कूटी में रखे थे
- आरोपी की तलाश के लिए पुलिस कर रही छापेमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नई सब्जी मंडी में एक आढ़ती के यहां काम करने वाला नौकर स्कूटी में रखे लाखों रुपये लेकर फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित दुकानदार ने तुरंत सब्जी मंडी चौकी पुलिस को शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार गढ़ी मोहल्ला निवासी हितेश नई सब्जी मंडी में आढ़त की दुकान चलाता है। उसने बताया कि रोजाना की तरह वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था और कुछ समय पहले ही उसने अस्थायी तौर पर एक नौकर रखा था। नौकर की पहचान राजू उर्फ राजकुमार निवासी बटनिया, थाना मुर्तिया, जिला बहराइच (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। हितेश के मुताबिक, उसने दिनभर की लेनदेन की राशि, करीब 5 लाख 70 हजार रुपये, बैंक में जमा करवाने के लिए अपनी स्कूटी में रखे हुए थे। उस समय नौकर राजू भी वहीं मौजूद था और उसे पैसों के बारे में पूरी जानकारी थी। इसी दौरान जब हितेश बैंक जाने की तैयारी कर रहा था, तभी दुकान पर एक ग्राहक आ गया और वह उसे सामान देने में व्यस्त हो गया।

### लोकेशन ट्रेस की जा रही

इसी बीच नौकर राजू उसके पास आया और खाना खाने जाने का बहाना बनाकर स्कूटी की चाबी मांग ली। ग्राहक को संभालने की जल्दबाजी में हितेश पैसों के बारे में भूल गया और उसने चाबी राजू को दे दी। चाबी मिलते ही राजू स्कूटी लेकर वहां से निकल गया, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। जब हितेश को शक हुआ तो उसने इधर-उधर तलाश की, लेकिन नौकर का कोई पता नहीं चला। घटना की सूचना मिलने पर सब्जी मंडी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच अधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि दुकानदार की शिकायत के आधार पर आरोपी नौकर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है आरोपी की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

# चाहे जो हो हम नहीं लगाएंगे अंगूठा

## किसानों ने फिंगरप्रिंट, फोटो और गेट पास की शर्तों को बताया गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

फसल खरीद के दौरान मंडियों में लागू किए गए नए निर्देशों के विरोध में किसान सभा रोहतक ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम सीटीएम रोहतक को ज्ञापन सौंपा। किसनों ने कहा कि चाहे जो हो हम अंगूठा नहीं लगाएंगे। किसानों ने इन नियमों को जटिल और किसान विरोधी बताते हुए तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग उठाई। किसान सभा के जिला सचिव सुमित दलाल ने बताया कि रबी फसलों की खरीद के लिए सरकार द्वारा जारी नए निर्देशों के तहत किसानों को अपनी उपज मंडी में लाने से पहले कई प्रक्रियाओं से




गुजरना होगा। इनमें ट्रैक्टर की नंबर प्लेट लगाकर फोटो खींचना, मंडी गेट पर फिंगरप्रिंट देना, गेट पास के लिए पंजीकृत किसान की अनिवार्य उपस्थिति, फसल पंजीकरण और बिक्री के लिए तय समय सीमा जैसी शर्तें शामिल हैं।

### निर्देशों को वापस नहीं लिया तो आंदोलन किया जाएगा

नए नियमों के तहत गेट पर फिंगरप्रिंट मिलान और ओटीपी आधारित गेट पास की प्रक्रिया काफी पेचीदा है। कई बार तकनीकी कारणों से फिंगरप्रिंट मिलान नहीं हो पाता, जिससे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि सभी किसानों के पास अपने साधन भी नहीं होते, ऐसे में ये जटिल प्रक्रियाएं छोटे और सीमांत किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालेंगी। किसान सभा ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द इन निर्देशों को वापस नहीं लिया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अशोक राठी, राजेश, ओमप्रकाश, सुनेहरा और शमशेर सिंह सहित कई किसान ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल रहे।

### खिड़वाली में नवीन पर फायरिंग का एक आरोपी और गिरफ्तार

- दीपक, रितिक और गौरव की गिरफ्तारी हो चुकी है पहले

**रोहतक।** पुलिस ने गांव खिड़वाली में नवीन पर हुई फायरिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वारदात में इस्तेमाल हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को 7 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि गांव खिड़वाली में गोली चली है, जिसमें नवीन घायल हो गया। उसे इलाज के लिए पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया। नवीन के बड़े भाई अनिरुद्ध की शिकायत पर थाना सदर में केस दर्ज किया गया। नवीन का गांव के ही दीपक उर्फ कमांडो और विकास उर्फ ढिला के साथ विवाद हुआ था, जिन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक दिनेश की टीम ने 19 मार्च को आरोपी मनीष पुत्र रामकुंवार निवासी खिड़वाली को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि उसी ने वारदात में प्रयुक्त हथियार उपलब्ध कराए थे। इससे पहले पुलिस दीपक, रितिक और गौरव को गिरफ्तार कर चुकी है।

### निंदाना में युवक की गोली मारकर हत्या करने का आरोपी पकड़ा

**रोहतक।** पुलिस ने निंदाना निवासी युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। 16 अप्रैल 2024 को पुलिस को सूचना मिली कि महम के भिवानी स्टैंड के पास वजीर निवासी निंदाना को गोली मारी गई है। युवकों को गोली लगी थी, जिन्हें उपचार के लिए जीएच महम ले जाया गया। डॉक्टरों ने वजीर पुत्र ताराचंद को मृत घोषित कर दिया, जबकि बल्लू पुत्र इन्द्र सिंह निवासी किशनगढ़ घायल हो गया। मृतक के भाई रामनिवास की शिकायत पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि रंजिश के चलते निंदाना गांव के अंकित ने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। मामले की जांच कर रहे उप निरीक्षक मंजीत की टीम ने 19 मार्च को आरोपी सतीश उर्फ डालू निवासी गांव चाचली, जिला गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया। इस केस में पहले ही 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



**नेताओं के उतरवाने होंगे बैनर**

# अब पोस्टर और होर्डिंग लगाकर नहीं कह सकेंगे 'हैप्पी बर्थडे', नियम तोड़े तो केस

- 16 उल्लंघनकर्ताओं पर 2 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम ने अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स और पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने वालों को अब किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त ने बताया कि नगर निगम की ओर से लगातार अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर लगे अवैध पोस्टर और होर्डिंग्स हटवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही ऐसे उल्लंघनकर्ताओं की पहचान कर मौके पर ही नोटिस जारी किए जा रहे हैं और उनके खिलाफ हरियाणा प्रीवेन्शन ऑफ डिफेसमेंट ऑफ प्रोपर्टी एक्ट 1989 तथा विज्ञापन नीति के तहत चालान किए जा रहे हैं। नगर निगम द्वारा फरवरी और मार्च 2026 के दौरान अब तक 16 लोगों पर कार्रवाई करते हुए करीब 2 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया जा चुका है। निगम अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और सख्ती बरती जाएगी।

डॉ. शर्मा ने कहा कि पहले भी लोगों से अपील की गई थी कि वे बिना अनुमति के पोस्टर, फ्लैक्स या होर्डिंग्स न लगाएं, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। ऐसे में अब निगम प्रशासन ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति जुर्माना भरने में आनाकानी करता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा।

### स्वीकृत जगहों पर ही लगें होर्डिंग

शहर में केवल उन्हीं स्थानों पर होर्डिंग्स और फ्लैक्स लगाने की अनुमति है, जिन्हें नगर निगम द्वारा पूर्व स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा कहीं भी विज्ञापन सामग्री लगाने पर इसे अवैध माना जाएगा और संबंधित व्यक्ति को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जाएगा। अवैध पोस्टर और होर्डिंग्स हटाने के दौरान जो भी खर्च आता है, वह भी संबंधित व्यक्ति से ही वसूला जाएगा। यानी नियम तोड़ने वालों को दोहरी मार झेलनी पड़ेगी जुर्माना और हटाने का खर्च दोनों।




**अन्नदाताओं की बढ़ी चिंता**

# बारिश से फसलों में 10-25% नुकसान की आशंका, गिरदावरी करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक/महम

बुधवार से शुक्रवार तक रोहतक में 17, महम 14, सांपला 22,कलानौर 15 और लाखनमाजरा ब्लॉक में 4 मिलीमीटर बरसात हुई। बेमौसमी बारिश ने किसानों की चिंता को गहरा कर दिया है। रबी सीजन की तैयार खड़ी फसलें, खासकर गेहूं, सरसों बारिश से प्रभावित हुई हैं। कहीं-कहीं खेतों में पानी भरने और तेज हवा के साथ बारिश होने से फसलें झुक गई हैं, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, इस समय गेहूं की फसल दाने भरने की अवस्था में है, जबकि सरसों की कटाई कई स्थानों पर शुरू हो चुकी थी। ऐसे में बारिश और नमी बढ़ने से दाने की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। आकलन के मुताबिक जिले में 10 से 25 प्रतिशत तक नुकसान की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक नुकसान का आंकड़ा गिरदावरी के बाद ही स्पष्ट होगा। शुक्रवार शाम तक प्रशासन की तरफ से फौरी गिरदावरी के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया गया था।



महम। फसल में नुकसान की जानकारी देता किसान। फोटो: राजकुमार नरवाल

### उत्पादन पर असर

बारिश से गेहूं, सरसों और अन्य फसलों में नुकसान हुआ है। फसल गिरने से उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका है। सरकार को तुरंत गिरदावरी करवानी चाहिए, ताकि नुकसान का सही आकलन किया जा सके।

-सुमित दलाल, महा सचिव, किसान सभा हरियाणा

### सरसों समेत दूसरी फसलें बिछी

किसान सभा की मांग है कि प्रशासन को तुरंत फौरी गिरदावरी करानी चाहिए, ताकि नुकसान का सही आकलन हो सके। यदि नुकसान अधिक पाया जाता है तो विशेष गिरदावरी कराकर प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। उनका कहना है कि पहले से ही लागत बढ़ने और बाजार में अनिश्चितता के चलते किसान परेशान हैं, ऐसे में प्राकृतिक मार ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कई गांवों से भी इसी तरह की तस्वीर सामने आ रही है, जहां गेहूं, सरसों समेत दूसरी फसलें पूरी तरह से बिछी हुई हैं।

### गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही

महम के किसान राजू नंबरदार का कहना है कि इस बारिश ने खेतों में खड़ी फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। कई जगहों पर गेहूं की फसल जमीन पर गिर गई है, जिससे कटाई में दिक्कत आएगी और उत्पादन घट सकता है। खेतों में पानी भरने और तेज हवाओं के कारण गेहूं व सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। जिन खेतों में जलभराव ज्यादा हुआ है, वहां 30 से 50 प्रतिशत तक नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। फसल में 20 से 40 प्रतिशत तक पैदावार घटने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### सीएम की रैली से पहले ठीक करवाएं सड़कें

**महम।** व्यापारी नेता अशोक धवन ने कहा है कि 27 मार्च को महम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली है। इस रैली से पहले रैली के आयोजक राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा महम की सड़कों पर बने गड्ढों को भरवाने का काम करें। महम शहर में कहीं पर धूल उड़ रही है, तो कहीं पर कीचड़ है। महम की सड़कें चलने लायक नहीं हैं। रोहतक दिल्ली रोड शहर में कई जगह पर वन वे बना हुआ है। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह जगह सड़कों पर बने इन गड्ढों को मुख्यमंत्री की रैली से पहले भाजपा नेता भरवा देंगे, तो लोगों को भी आसानी रहेगी और रैली में आने जाने के लिए रास्ते ठीक हो जाएंगे।

### धूमधाम से मनाई जाएगी आंबेडकर की 135वीं जयंती

**रोहतक।** हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक नेहरू कॉलोनी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अनिल मेहरा ने की, जिसमें प्रदेशभर से आए समाज के बुद्धिजीवियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को 14 अप्रैल 2026 को भव्य रूप से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। कार्यक्रम प्रातः 9 बजे अंबेडकर भवन में आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इस अवसर पर बाबा साहेब के जीवन, विचारों और समाज के लिए उनके योगदान पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में वजीर सिंह, किशन मुड़े, पवन सुतवाल, शकुन्तला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दरियादिली : मृतक के परिवार को दी 15 लाख की आर्थिक सहायता

- पहरावर गांव ने बढ़ाए मदद के हाथ, इस्माइला हादसे के मृतक की पत्नी और बेटी को दी मदद, मानवता की पेश की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

होली के दिन हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद जहां एक परिवार गहरे सदमे में डूब गया था, वहीं पहरावर गांव के लोगों ने मानवता और भाईचारे की ऐसी मिसाल पेश की, जिसने पूरे क्षेत्र में सराहना बटोरी है। गांव के लोगों ने एकजुट होकर मृतक के परिवार को करीब 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देकर समाज के सामने सहयोग और संवेदनशीलता का उदाहरण रखा।

ज्ञात हो कि होली के दिन सांपला-रोहतक मार्ग स्थित चुलियाना मोड़ पर हुए भीषण सड़क हादसे में इस्माइला निवासी चार लोगों की जान चली गई थी। इनमें मोहन, उसका भाई राजकुमार, चचेरा भाई सोनू और पड़ोसी राजेश शामिल थे। मोहन पिछले करीब 25 वर्षों से पहरावर गांव में दवाइयों की दुकान चलाता था और अपने व्यवहार व सेवा भावना के चलते गांव के लोगों के बीच विशेष स्थान रखता था। मोहन के निधन की खबर से पहरावर गांव में भी गहरा शोक फैल गया। इसके बाद गांव के पूर्व सरपंच ऋषि प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मृतक के परिवार की सहायता के लिए पहल शुरू की। इस दौरान ईमानदारी का परिचय देते हुए कई लोगों ने आगे आकर मोहन के उधार की राशि लौटाई, जिससे लगभग 3 लाख 91 हजार रुपये एकत्र हुए। इसके अलावा गांववासियों ने स्वेच्छा से चंदा इकट्ठा कर करीब 10 लाख 75 हजार रुपये की राशि जुटाई। इस प्रकार कुल 14 लाख 66 हजार 101 रुपये की सहायता राशि लेकर पहरावर गांव के प्रतिनिधि इस्माइला पहुंचे और मृतक की पत्नी व बेटी को यह राशि सौंपते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस मौके पर इस्माइला गांव के सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधियों ने पहरावर के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल समाज में आपसी सहयोग और विश्वास को मजबूत करती है।



**रोहतक।** मृतक मोहन के परिवार को सहायता राशि सौंपते हुए पहरावर गांव के गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### बेटियों को डॉक्टर बनाना चाहता था मोहन

मृतक मोहन के भाई मुकेश ने बताया कि मोहन की इच्छा थी कि उसकी बेटियां साक्षी और नैना डॉक्टर बनें। दोनों बेटियां नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थीं, लेकिन हादसे ने परिवार को झकझोर दिया। उन्होंने पहरावर गांव के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि यह मदद उनके भाई के सपनों को पूरा करने में अहम साबित होगी।

## तीन माह में बढ़ी चुनौती, पुलिस का दावा-कार्रवाई जारी

# जिले में 120 चोरी के मामले, 85 सुलझे, 35 अब भी अनसुलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में नए साल की शुरुआत के साथ ही चोरी की घटनाओं ने पुलिस और आमजन दोनों के लिए चिंता बढ़ा दी है। 1 जनवरी से 20 मार्च तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो चोरी के मामलों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। हालांकि पुलिस का दावा है कि अधिकतर मामलों को सुलझाया जा चुका है और आरोपियों की गिरफ्तारी भी की गई है, लेकिन कई केस अब भी जांच के दायरे में हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इस अवधि में जिले में 120 चोरी के मामले दर्ज किए गए। इनमें से 85 मामलों को पुलिस ने सुलझाने का दावा किया है, जबकि 35 मामले अब भी अनसुलझे हैं। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि जहां एक ओर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, वहीं दूसरी ओर चोरों के हौसले भी कम नहीं हो रहे।

### चोरी के मामलों का आंकड़ा



1 जनवरी से 20 मार्च के बीच चोरी के मामलों में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिला

### पुलिस की कार्रवाई और चुनौतियां

पुलिस का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गश्त बढ़ाई गई है और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। शहर के मुख्य बाजारों, कॉलोनियों और बाहरी इलाकों में सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा विशेष टीमें बनाकर चोरी की घटनाओं की जांच की जा रही है। इन मामलों में पुलिस ने 150 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कई आदतन अपराधी भी शामिल हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर अन्य मामलों के भी खुलासे किए जा रहे हैं।

### लोगों में बढ़ी चिंता सतर्क रहने की जरूरत

लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में असुरक्षा का माहौल बन रहा है। खासकर उन इलाकों में जहां रात के समय सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है, वहां के लोग ज्यादा चिंतित हैं। कई मामलों में घरों और दुकानों को निशाना बनाया गया है, जिससे आमजन को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

### तकनीकी मदद ले रहे

एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि पुलिस टीम आने वाले दिनों में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए और सख्त कदम उठाए जाएंगे। तकनीकी संसाधनों का अधिक उपयोग किया जाएगा और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई जाएगी। जिले में चोरी के मामलों को लेकर पुलिस और आमजन दोनों को सतर्क रहने की जरूरत है। जहां पुलिस अपनी कार्रवाई तेज कर रही है, वहीं लोगों को भी अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होना होगा।

## यूपीएससी में चयनित अंकिता को किया सम्मानित



**रोहतक।** यूपीएससी में चयन होने पर सेक्टर चार एक्सटेंशन की रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने अंकिता सिवाच को उनकी गौरवमयी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। अंकिता सिवाच का निवास सेक्टर चार एक्सटेंशन में है। इस अवसर पर अंकिता के पिता डॉ. रणवीर सिवाच और उनकी मां कमला सिवाच के बेटी के लिए किए गए प्रोत्साहन की भी प्रशंसा की। एसोसिएशन के प्रधान सुखबीर माथुर ने कहा कि अंकिता की इस उपलब्धि से यहां रह रहे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा और मार्ग दर्शन मिलेगा। रविन्द्र हुड्डा ने कहा कि बेटियों की कामयाबी से परिवार के साथ साथ समाज में भी एक स्करात्मक संदेश पहुंचता है। इस अवसर पर सुखबीर माथुर, धर्मबीर राठी, रामगोविंद, ज्ञान प्रकाश दुहन, संजय सांगवान, सत्यवान लोरा, राम किशन दहिया सूबेदार, सूरत सिंह किशन बुधवार, बलवंत रेढू, राजेंद्र राणा, डॉ शमशेर सिंह, जगबीर राठी व रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# एलएन हिंदू कॉलेज में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया नशा मुक्ति का संदेश

- नशा और उसके दुष्प्रभाव पर हुआ नाटक मंचन



**रोहतक।** श्रीएलएन हिंदू कॉलेज में एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता को लेकर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में तथा संयोजिका डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. हर्षिता छिक्कारा और डॉ. ज्योति देशवाल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। नशा और उसके दुष्प्रभाव" विषय पर आधारित इस नाटक में विद्यार्थियों मनीषा, निकिता, स्नेहा, अनुभव, गरिमा, कोमल, चित्रा, सान्या और विधि ने सशक्त अभिनय से दर्शकों को जागरूक किया। उन्होंने दिखाया कि नशा किस तरह व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। प्राचार्य डॉ. तनेजा ने युवाओं से नशे से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं डॉ. रजनी कुमारी ने इसे गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

## 11 क्षेत्रिय कार्यालयों व मुख्यालय की टीमों ने लिया भाग

# हरियाणा ग्रामीण बैंक में नेतृत्व सम्मेलन, सुधार एजेंडों पर मंथन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- आरआरबी सुधार व व्यवसाय वृद्धि पर हुई चर्चा

हरियाणा ग्रामीण बैंक के मुख्य कार्यालय में 19 मार्च को एक दिवसीय नेतृत्व सम्मेलन का आयोजन किया गया। संकल्प अगली पीढ़ी के लिए ग्रामीण बैंकों के सुधारों को आगे बढ़ाना" विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में सभी 11 क्षेत्रीय कार्यालयों और मुख्यालय की टीमों ने भाग लिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के लिए नए सुधार एजेंडा के साथ नेतृत्व को एकजुट करना रहा। यह एजेंडा हाल ही में आयोजित डीएफएस-आईबीए और नाबार्ड, मुंबई के मंचों पर हुई चर्चाओं पर आधारित था। सत्र में आरआरबी सुधार, ईज़ फ्रेमवर्क, डिजिटल परिवर्तन, व्यवसाय वृद्धि और सुशासन विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसमें तकनीक के अधिक उपयोग, वित्तीय समावेशन और ग्राहक-केंद्रित सेवाओं पर विशेष जोर दिया गया। यह सम्मेलन "विकसित भारत 2047 के विज़न के अनुरूप एक डिजिटल रूप से सशक्त और विकासोन्मुखी बैंकिंग संस्थान बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। बैंक प्रबंधन ने इन सुधारों को मजबूती से लागू करने का संकल्प दोहराया।

# संघ मनाएगा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज का 650वां जन्मोत्सव : प्रताप सिंह

- समालखा स्थित माधव सृष्टि में 13 से 15 मार्च तक हुई थी प्रतिनिधि सभा



**रोहतक।** राष्ट्रीय स्यंसेवक संघ हरियाणा के प्रांत संघचालक प्रताप सिंह ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा के समालखा स्थित माधव सृष्टि में 13 से 15 मार्च तक आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का सफल समापन हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर से आए कुल 1487 प्रतिनिधियों में से 1468 की उपस्थिति दर्ज की गई, जो व्यापक सहभागिता का संकेत है। बैठक का शुभारंभ सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत एवं सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर देशभर में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने और उनके विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

तीन दिनों तक चले इस आयोजन में संगठन के विस्तार, कार्यपद्धति और भविष्य की योजनाओं पर गहन चर्चा हुई। इस अवसर पर उनके साथ हरियाणा के प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार, जिला संघचालक देवेंद्र कुमार तथा जिला कार्यवाह सुशील कुमार भी मौजूद रहे।

### मार्च 2027 में लागू होगी नई व्यवस्था

सबसे महत्वपूर्ण निर्णय संगठन के भौगोलिक पुनर्गठन को लेकर लिया गया। वर्तमान में 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों की संरचना को बदलकर 9 क्षेत्र और 80 से अधिक विभाग (संभाग) बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। यह नई व्यवस्था मार्च, 2027 के बाद लागू होगी, जिससे संगठन के कार्य में गति और प्रभावशीलता आने की अपेक्षा है। बैठक के दौरान शताब्दी वर्ष के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई और जिन क्षेत्रों में कार्यक्रम शेष हैं, वहां उन्हें सफलतापूर्वक पूर्ण करने की रणनीति बनाई गई। आयोजन की दृष्टि से हरियाणा के स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट प्रबंधन का परिचय दिया। कार्यक्रम में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष सजगता दिखाई गई। इस अवसर पर संगठन की विभिन्न गतिविधियों के आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभर में बड़ी संख्या में शाखाओं, सम्मेलनों और जनसंपर्क अभियानों के माध्यम से व्यापक जनभागीदारी का उल्लेख किया गया।

## चौधरी लखीराम आर्य आश्रम में कार्यक्रम

# बालकों ने योग प्रदर्शन से मोहा मन, 42 बच्चों को मिला संरक्षण




- राजेंद्र बंसल ने 21 बच्चों को गोद लेने की घोषणा की

**रोहतक।** चौधरी लखीराम आर्य जगन्नाथ आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में आश्रम के बालकों ने शानदार योग प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश जैन तथा प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी राजेन्द्र बंसल उपस्थित रहे। बालकों ने सूर्यनमस्कार, चक्रासन, ताड़ासन, सर्वांगासन, शशांकासन और स्तूप निर्माण जैसे कठिन योग आसनों का बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए राजेन्द्र बंसल ने 21 बच्चों को गोद लेने की घोषणा की। वहीं राजेश जैन, जो पहले से 10 बच्चों का सहयोग कर रहे थे, उन्होंने भी आगे बढ़ते हुए 21 और बच्चों को अडॉप्ट किया। राजेन्द्र बंसल ने आश्रम की अन्य आवश्यकताओं को भी पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बिजेंद्र राठी, सतीश कौशिक, नरेंद्र कादयान आदि व्यक्ति मौजूद रहे। अंत में आश्रम प्रबंधन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जिला लघु सचिवालय में हुई हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक

# अधिकारी पोर्टल पर लंबित शिकायतों का तुरंत करवाएं निपटारा : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा संचालित किए जा रहे सभी शिकायत पोर्टल पर लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। नागरिकों की समस्याओं को समयबद्ध तरीके से निपटाने एवं पारदर्शिता के उद्देश्य से यह पोर्टल विकसित किए गए हैं। कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक के उपरांत संबंधित अधिकारियों के साथ सभी शिकायत पोर्टलों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सर्व प्रथम समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे सबसे ज्यादा समय से लंबित शिकायतों का तुरंत निपटारा करें। एडीसी ने कहा कि अधिकारी इन शिविरों में प्राप्त होने वाली हर शिकायत का तुरंत उचित निपटारा करें ताकि नागरिकों को राहत मिल सके। सरकार द्वारा निरंतर वर्चुअली इन शिविरों की शिकायतों के निपटारे की निगरानी की जा रही है।

### ये रहे मौजूद

बैठक में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, कलानौर के तहसीलदार दिनेश कुमार, रोहतक के नायब तहसीलदार दीपक, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव, एलडीएम महाबीर प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला उद्यान अधिकारी डॉ. मदन लाल, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधि सतीश चौधरी मौजूद रहे।

## क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत के कार्य को जल्द पूर्ण करवाएं अधिकारी

# जिले की अनाज मंडियों में पूरी की जाएं किसानों की मूलभूत जरूरतें: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने शुक्रवार को नई अनाज मंडी में सुविधाओं का अवलोकन किया तथा मार्केट कमेटी व अन्य संबंधित विभागों व एजेंसियों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इसके बाद कलानौर में मुख्य सीवर लाइन की मुरम्मत के कार्य का भी जायजा लिया तथा अधिकारियों को वर्षा ऋतु से पूर्व इस कार्य को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। आशीष कुमार ने स्थानीय नई अनाज मंडी में उपलब्ध करवाई गई मूलभूत सुविधाओं के तहत सड़कें, पेयजल, शौचालय, अटल कैंटीन के अलावा मंडी आढ़तियों के पास झरने, तिरपाल इत्यादि का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे रबी खरीद सीजन के दृष्टिगत अनाज मंडी में किसानों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### तैयारियों का लिया जायजा

एसडीएम ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा मंडी परिसर में सडकों पर किए गए पैच वर्क इत्यादि का भी जायजा लिया। उन्होंने आढ़तियों से संवाद करते हुए कहा कि वे फसल की सफाई के लिए झरने की व्यवस्था करें तथा तिरपाल की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। कलानौर कस्बे में एक करोड़ 20 लाख रुपये की धनराशि से जारी मुख्य सीवर लाइन की मुरम्मत के कार्य का अवलोकन किया। कलानौर शहर में मुख्य सीवर लाइन तीन-चार स्थानों पर लगभग 500 मीटर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त हुई, जिसकी मरम्मत के लिए कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त सीवर लाइन के हिस्सों की मरम्मत के कार्य को जल्द से जल्द से वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण करवाया जाये। अधिकारियों ने कहा कि मुख्य सीवर लाइन के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत के कार्य को आगामी 15 मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता शिवराज, कार्यकारी अभियंता रोहित, रोहतक मार्केट कमेटी के सचिव दीपक लोहचब सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### डीसीआरयूएसटी में युवा सम्मेलन आज

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में आज युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में जिले के विभिन्न कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व शैक्षणिक संस्थानों से हजारों युवा भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि युवा सम्मेलन में राज्यसभा के उप-सभापति शहरिवंश बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहेंगे और युवाओं को अपने विचारों से प्रेरित करेंगे।

### झरोठ उप स्वास्थ्य केंद्र से रिकॉर्ड चोरी

**खरखौदा।** आनंदपुर झरोठ गांव स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में रात को अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर रिकॉर्ड व सामान चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में बेडशीट, एएनसी रजिस्टर, पुराने रिकॉर्ड, व्हीलचेयर, लैब टेस्टिंग किट, पेपर रिम और सिरिंज के बॉक्स शामिल हैं। नरेश की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सोनीपत।** शास्त्री नगर के पास वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद कोर्ट कॉम्प्लेक्स चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर अस्पताल में पहुंचाया। परिजनों ने मुताबिक गांव अगवानपुर निवासी कृष्ण (60) बीरवार को पेंशन बनवाने के लिए लघु सचिवालय में आए थे। समाज कल्याण विभाग कार्यालय से काम निपटाने के बाद गांव वापस जाने के लिए बाइक पर सवार होकर निकले थे।

## स्पर्धा में 8 से अधिक राज्यों के 50 से अधिक अखाड़ों के प्रतिभागियों ने लिया भाग

# एमएम फाउंडेशन गोल्ड कप में 550 युवा पहलवानों ने दिखाया दमखम




रोहतक। मैच शुरू करवाते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देश में कुश्ती की समृद्ध अखाड़ा परंपरा को सशक्त करने और भविष्य के ओलंपिक चैंपियनों को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एमएम फाउंडेशन ने योगेश्वर दत्त रेसलिंग अकादमी के सहयोग से 15-16 मार्च को रोहतक में एमएम फाउंडेशन गोल्ड कप अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती महासंग्राम का सफल आयोजन किया।मिट्टी से ओलंपिक मेडल तक की प्रेरणादायी थीम पर आधारित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से 550 से अधिक अंडर-20 पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 8 से अधिक राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो 50 से अधिक अखाड़ों और कुश्ती अकादमियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। इस अवसर पर एमएम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ट्रस्टी डॉ. पायल कनोड़िया ने कहा, एक खिलाड़ी होने के नाते मैं समझती हूं कि प्रतिस्पर्धी खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए कितनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। एमएम फाउंडेशन का विश्वास है कि भारत के भविष्य के ऑलंपिक चैंपियन हमारे गांवों और अखाड़ों से ही उभरेंगे। इस अवसर पर योगेश्वर दत्त ने कहा कि भारत की असली ताकत गांवों की मिट्टी और अखाड़ों की परंपरा में बसती है, और जब युवा खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर मिलते हैं तो वही प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन करती है। कार्यक्रम के दौरान एमएम फाउंडेशन के सहयोग से योगेश्वर दत्त स्पोर्ट्स अकादमी में गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन भी किया गया।

### मेजर ध्यानचंद हाउस बना विजेता नीरज चोपड़ा रहे उपविजेता



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को विभाग के सेमिनार हॉल में इंटर-डिपार्टमेंट स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। मेजर ध्यानचंद हाउस विजेता घोषित हुआ, जबकि नीरज चोपड़ा हाउस उपविजेता रहा। प्रतियोगिता को रोचक बनाने के लिए विद्यार्थियों को चार हाउसों में विभाजित किया गया- मेजर ध्यानचंद हाउस (एम.पी.एड. चौथा सेमेस्टर), सचिन तेंडुलकर हाउस (एम.पी.एड. दूसरा सेमेस्टर), नीरज चोपड़ा हाउस (बी.पी.एड. चौथा सेमेस्टर) तथा अभिनव बिंद्रा हाउस (बी.पी.एड. दूसरा सेमेस्टर)। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. सुधीर कुमार अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग तथा बॉयज हॉस्टल के मुख्य वार्डन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. सुधीर कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए अवसरों को पहचानना और उनका सही उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतियोगिता में कोई हारने वाला नहीं होता, बल्कि हर प्रतिभागी अपने अनुभवों से सीखता है। विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह ने अपने संबोधन में स्पोर्ट्स क्विज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को निष्पक्ष खेल की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. संजीव, कुलताज सिंह, डॉ. मस्तराम, शुभम, सुमित, नीलम, सोनिया एवं शोधार्थी इंदु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### खेल भावना और वक्तृत्व कला से सजा एनएसएस शिविर का पांचवां दिन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ सम्पन्न हुआ। दिन की शुरुआत प्रातः खेल गतिविधियों के साथ हुई, जिससे स्वयंसेवकों में जोश और उमंग का संचार हुआ। प्रथम सत्र में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेल विभाग की निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और टीम वर्क की भावना को भी विकसित करते हैं।

## खबर संक्षेप



### मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों का गणित ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन, 30 ने जीते गोल्ड मेडल

**रोहतक।** मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित गणित ओलंपियाड 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 30 'गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस' हासिल किए हैं। 13 नवंबर 2025 को आयोजित इस परीक्षा में देशभर के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बीच प्रतिस्पर्धा में स्कूल के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की है। इनमें कक्षा तीसरी से दसवीं तक के छात्र शामिल हैं, जिन्होंने अपनी विश्लेषणात्मक क्षमता, तार्किक सोच और कड़ी मेहनत के बल पर यह मुकाम पाया। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली है। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारियों ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि वे आगे भी छात्रों में वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रयास जारी रखेंगे।

### शिक्षा भारती विद्यालय में 26 माताओं ने अपने बच्चों का विद्यारंभ संस्कार करवाया



**रोहतक।** शिक्षा भारती विद्यालय में बच्चों के लिए भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। यह संस्कार भारतीय परंपरा में शिक्षा के शुभारंभ का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से हवन पूजन के साथ की गई, जिससे पूरे परिसर में भक्तिमय और संस्कारमय वातावरण बन गया। इस अवसर पर लगभग 26 बच्चों की माताओं ने अपने बच्चों का विधिवत विद्यारंभ संस्कार कराया। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। विद्यारंभ संस्कार के माध्यम से बच्चों के जीवन में ज्ञान की पहली नींव रखी जाती है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे बच्चों के जीवन की महत्वपूर्ण शुरुआत बताया।

### विदेशी मेहमानों ने स्मार्ट कक्षाएं, शिक्षण पद्धति व सांस्कृतिक गतिविधियां देखीं

**रोहतक।** आईबी विद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय छात्र विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत यूकेसे आए प्रतिनिधिमंडल ने शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दल में टिम मैक आर्डल, सारा विल्डे, जूड हॉटन सहित चार विद्यार्थी शामिल रहे। विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस दौरान विदेशी मेहमानों ने स्मार्ट कक्षाओं, शिक्षण पद्धतियों और सांस्कृतिक गतिविधियों को करीब से देखा। विद्यार्थियों के बीच संवाद के माध्यम से विभिन्न देशों की शिक्षा प्रणाली और संस्कृति को लेकर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय विद्यालय मकरौली खुर्द का भी दौरा किया, जहां उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को समझा और विद्यार्थियों व शिक्षकों से बातचीत की। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, ऐसे कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और वैश्विक दृष्टिकोण को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में विदेशी अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं और छात्रों के उत्साह की सराहना की।




### मकड़ौली खुर्द स्कूल में भारत-इंग्लैंड सांस्कृतिक मिलन, विद्यार्थियों ने बिखेरी हरियाणवी रंगत

**रोहतक।** रिमझिम बरसात के बीच राजकीय उच्च विद्यालय मकड़ौली खुर्द के प्रांगण में भारत और इंग्लैंड के बीच सांस्कृतिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में के नेतृत्व में इंग्लैंड से आए 7 सदस्यीय दल ने भाग लिया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणवी लोक नृत्य और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर विदेशी मेहमानों का मन मोह लिया। मुख्य अध्यापक यशवीर मलिक ने मेहमानों को विद्यालय का भ्रमण करवाया, वहीं शारीरिक शिक्षक सत्येंद्र मान ने मंच संचालन करते हुए सभी स्टाफ सदस्यों का परिचय कराया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने फूलों के गुलदस्ते और मालाएं भेंट कर मेहमानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। वरिष्ठ अध्यापकों ने भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत और इंग्लैंड की संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों का आदान-प्रदान कर आपसी सौहार्द और सकारात्मकता का संदेश देना रहा। इस यादगार आयोजन का विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद उठाया और विदेशी मेहमानों से संवाद कर नई जानकारी हासिल की।

# पीजीआईएमएस को दान की पिता की देह



**रोहतक।** सुभाष नगर के रहने वाले कपिल चुघ ने अपने पिता स्वर्गीय श्याम सुंदर का पार्थिव शरीर पीजीआईएमएस रोहतक के एनाटॉमी विभाग को रिसर्च के लिए दान कर दिया। एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर संजय गुप्ता ने इस देहदान के लिए परिवार का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह दान विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि इस दान से विद्यार्थियों को मानव शरीर के बारे में जानने का अवसर मिलेगा और वे अपने ज्ञान को बढ़ा सकेंगे। डॉ संजय गुप्ता ने कपिल चुघ और उनके परिवार का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि यह दान विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। अंगदान के लिए अपील करते हुए कहा कि अंगदान एक ऐसा दान है जो किसी की जिंदगी को नया जीवन दे सकता है। यह एक ऐसा कार्य है जो हमें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का अवसर प्रदान करता है। मैं सभी से अपील करता हूं कि वे अंगदान के लिए आगे आएं और दूसरों की जिंदगी में रोशनी भरें। देहदान के इंचार्ज डॉक्टर कमल सिंह ने बताया कि अंगदान करने से न केवल किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है, बल्कि यह एक ऐसा कार्य है जो हमें आत्म-संतुष्टि और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने का अवसर प्रदान करता है। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे अंगदान के लिए पंजीकरण करें।

# दिनभर दुर्गा स्तुति से भक्तिमय हुआ माहौल

- संकट मोचन मंदिर में चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन भक्तों ने मां दुर्गा का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



संकट मोचन मंदिर में चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को भक्तों ने मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। माता दरवाजा स्थित मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री जी के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी और अन्य भक्तों ने मां की अखंड ज्योत के दर्शन कर जगदंबे भवानी से सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में माता के जयघोष गूंजते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में अखंड पाठ, दुर्गा स्तुति, सत्संग, कीर्तन और प्रवचन का आयोजन किया गया। पंडित अशोक शर्मा द्वारा विधिवत आरती भी संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के बाद नवरात्र व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में कुट्टू से बने व्यंजन और फल वितरित किए गए। मंदिर समिति के सचिव गुलशन भाटिया ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्र पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

### बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत' विषय पर छात्र संवाद




**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी) के तत्वावधान में "विकसित भारतः हमारा सपना, हमारी जिम्मेदारी" विषय पर छात्र संवाद का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) बी. एम. यादव और रजिस्ट्रार (डॉ.) विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना और उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रितु तथा आयोजन सचिव डॉ. परमीला रहीं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और यही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगी।
इस अवसर पर मानविकी विभाग के डॉ. अतुल कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए "विकसित भारत" की अवधारणा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने शिक्षा, विधि व्यवस्था और सामाजिक जिम्मेदारियों की भूमिका पर भी चर्चा की।

## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान महम में मनाया विश्व गोरैया दिवस


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

विश्व गोरैया दिवस के पावन अवसर पर राजकीय पॉलिटेक्निक महम में पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती गौरैया (चिड़िया) के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा। संस्थान के प्राचार्य अशोक कुमार ने अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर प्रतीकात्मक रूप से एक पौधा रोपित किया। इस पहल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा गोरैया के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए घोंसले (नेस्ट बॉक्स) परिसर में लगाए गए तथा उनके भोजन हेतु फीडर भी स्थापित किए गए, जिससे पक्षियों को सुरक्षित आवास और भोजन उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार ने अपने संदेश में कहा कि /"गौरैया हमारे पर्यावरण संतुलन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। आधुनिक जीवनशैली और शहरीकरण के कारण इनकी संख्या में लगातार कमी आ रही है। ऐसे में हमें इनके संरक्षण के लिए जागरूक होकर छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे।

### शोध में अपनाएं नवीनतम तकनीकें: सिंघल



**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट द्वारा "रैंडमाइजेशन एंड एलोकेशन कंसीलमेंट टेक्नीक्स" विषय पर एक महत्वपूर्ण वेबिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान चिकित्सा अनुसंधान में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के आधुनिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रैंडमाइजेशन और एलोकेशन कंसीलमेंट तकनीकें रिसर्च की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने शोधकर्ताओं से अपील की कि वे अपने अध्ययन में इन आधुनिक तकनीकों को अपनाएं, ताकि निष्पक्ष और सटीक परिणाम प्राप्त हो सकें। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल रहे, जबकि आयोजन सचिव की भूमिका पैथोलॉजी विभाग एवं मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट के नोडल अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने निभाई। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि वेबिनार का उद्देश्य शोधकर्ताओं को इन महत्वपूर्ण तकनीकों के प्रति जागरूक करना और उन्हें व्यवहारिक रूप से अपनाने के लिए प्रेरित करना है।




**कार्यक्रम** मनोविज्ञान विभाग व हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस मनाया

# जीवन में करुणा व नैतिक मूल्य जरूरी: डॉ. अमृता

- केयर टुगेदर, शेयर टुगेदर तथा फ्लॉरिश टुगेदर विषयक कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीवन में सह-अस्तित्व, सौहार्द, अमन चैन की भावना के महत्त्व को बुलंद करते हुए शुक्रवार को महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के मनोविज्ञान विभाग तथा हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस मनाया गया।

इस विशेष दिवस पर- केयर टुगेदर, शेयर टुगेदर तथा फ्लॉरिश टुगेदर विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की आमंत्रित विशेषज्ञ वक्त एमडीयू के मनोविज्ञान विभाग की सेवानिवृत प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्षा डॉ अमृता यादव ने जीवन में करुणा भाव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि करुणा, मुदिता तथा नैतिक मूल्य समाज और जीवन में ज़रूरी है। सामाजिक मेल मिलाप के महत्त्व को प्रो अमृता यादव ने विशेष रूप से उकेरा। इस कार्यशाला की निदेशिका एवं मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्षा प्रो अंजलि मलिक ने कार्यशाला के प्रारम्भ में स्वागत भाषण दिया। प्रो अंजलि मलिक ने कहा कि आज के संघर्षपूर्ण समय में शांति की ज़रूरत है। आपसी अमन-चैन तथा केयरिंग-शेयरिंग का विशेष महत्व है। कार्यशाला में आमंत्रित विशेषज्ञ वक्ता आईआईटी, दिल्ली की प्रोफेसर डॉ कमलेश सिंह ने लोक साहित्य में समाहित केयरिंग-शेयरिंग के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से हरियाणवी लोक गीतों में भाईचारा एवं आपसी सदभाव के भाव का उल्लेख किया। इस संबंध में लोकप्रिय लोकगीत- बीर हम एक मां के जाये में वर्णित सामाजिक सौहार्द के भाव का जिक्र प्रो कमलेश ने किया।



रोहतक। एमडीयू में आयोजित इंटरनेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस कार्यक्रम में संबोधित करती मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने इस इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस के महत्व को उल्लेखित करते हुए सार संकलन किया। कार्यशाला में थीम पर आधारित संकलन किया। कार्यशाला में थीम पर आधारित विभिन्न एक्टिविटीज प्रतिभागियों से कराई गई। विभाग की प्रोफेसर डॉ शालिनी सिंह, शोधार्थी और विद्यार्थी इस कार्यशाला में उपस्थित रहे।

#### आभार जताया

इस कार्यशाला की आयोजन सचिव डॉ शशि रश्मि तथा समन्वयिका डॉ बिन्दु ने अतिथि वक्ताओं का परिचय दिया। कार्यशाला संयोजिका तथा हैप्पीट्यूड लैबोरेट्री की प्रोफेसर-इंचार्ज प्रो दीप्ति हुड्डा ने आभार प्रदर्शन किया।

### न्यायालय के फैसले से पीड़ित तबके को मिलेगा हौसला

**रोहतक।** जाट भवन में शहीद मनदीप कौर संघर्ष समिति द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। 2022 में खरेंटी गांव की बेटी को टोहाना के पास एक दरिंदे द्वारा ट्रेन से धक्का देकर मार दिया गया था, जिसमें मनदीप कौर कि मृत्यु हो गई थी। जिसका बीते वीरवार को कोर्ट से फैसला आया है कि जिसमें दोषी को उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। इस प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए शहीद मनदीप कौर समिति के सदस्य चंचल नांदल ने बताया कि कोर्ट के फैसले ने हमारे न्याय के लिए किए गए संघर्ष को अमलीजामा पहना दिया है। यह फैसला अपने आप में मिसाल है। समिति के संयोजक व मनदीप कौर के बड़े भाई वजीन्द्र सिंह ने इस फैसले को ऐतिहासिक व सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि हम इस फैसले को जीत हार की नजर से न देखकर इस नजरिये के साथ देख रहे हैं कि जो महिलाये या पीड़ित तबके न्याय के लिए प्रयास नहीं करते या आवाज नहीं उठाते उन्हें इस फैसले से हौसला मिलेगा और अपने लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि माननीय न्यायधीश ने जजमेंट में कहा कि महिलाओं को अकेला पाकर अपॉर्चूनिटी न समझे बल्कि जिम्मेदारी कि तरह देखे। इस अवसर पर रामकिशन पावडिया प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय जाट महासभा भारत ने कहा कि समिति महिलाओं कि सुरक्षा के लिए ट्रेनों/बसों में सीसीटीवी कैमरे व पैनिक बटन की मांग करेगी।

## खबर संक्षेप

### परिवेदना समिति की बैठक 27 मार्च को

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक 27 मार्च को प्रातः: 11 बजे जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता हरियाणा सरकार के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। बैठक के एजेंडे में 16 शिकायतें शामिल की गई है।

### परमार्थ समन्वय संगठन की वार्षिक बैठक कल

**रोहतक।** परमार्थ समन्वय संगठन की वार्षिक मीटिंग 22 मार्च रविवार को परमार्थ अस्पताल, पीपल वाली गली, वैश्य कॉलेज रोड, रोहतक में होगी। संयोजक गोबिंद राम सिंगला ने बताया की मीटिंग में नई कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा व पिछले वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जायेगा।

### यातायात नियम अब सख्ती से होंगे लागू : उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की जानमाल की सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात नियमों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। गत फरवरी माह के दौरान जिला में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 8510 चालान किए गए हैं। जनवरी में 117 लाइसेंस तथा फरवरी में 79 लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की गई है। सचिन गुप्ता ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा एक ओर जहां नागरिकों को यातायात नियमों का स्वेच्छा से पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर यातायात नियमों को सख्ती से लागू भी किया जा रहा है।

## नालों की सफाई न होने से बिगड़ी व्यवस्था, जलभराव से परेशानी

# इत्ती सी बरसात से निकासी प्रबंधों का फूला दम, शाम तक सड़कों से पानी नहीं हुआ कम

### 22.4 एमएम बारिश से सड़कों, गलियों व सेक्टरों में जलभराव से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वीरवार की मध्यरात्रि से शुरू हुई बारिश ने शहर की व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। सुबह तक हुई 22.4 एमएम बारिश के चलते सड़कों, गलियों और सेक्टरों में भारी जलभराव हो गया, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। हालात यह रहे कि कई इलाकों में पानी इतना भर गया कि लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया।

सबसे अधिक परेशानी सेक्टरों की अंदरूनी गलियों और मुख्य सड़कों पर देखने को मिली, जहां जलनिकासी की व्यवस्था पूरी तरह फेल साबित हुई। नालों और ड्रेनेज सिस्टम की समय पर सफाई न होने के कारण बारिश का पानी जमा हो गया और घंटों तक सड़कों पर खड़ा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बारिश के समय यही स्थिति बनती है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाता। बारिश रुकने के कई घंटे बाद भी हालात में सुधार नहीं हुआ। देर शाम तक भी कई स्थानों पर पानी जमा रहा, जिससे पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर दोपहिया वाहन बंद हो गए, जबकि कुछ स्थानों पर वाहन चालकों को पानी के कारण रास्ता बदलना पड़ा।




रोहतक। सेक्टर एक की मार्केट में हुआ जलभराव व सेक्टर की गलियों में जलभराव। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। एमडीयू गेट-2 के सामने हुआ जलभराव। फोटो : हरिभूमि

#### यहां हुआ जलभराव

*शहर के एमडीयू गेट दो के सामने सड़क पर जलभराव देखने को मिला जो कि शाम तक भी ऐसे ही रहा। यहीं हालात सेक्टरों में बनी मार्केटों के रहे, वहां भी इसी तरह जलभराव रहा, ग्राहकों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना पड़ा। ज्यादातर ग्राहकों को पानी के अंदर से ही सामान खरीदकर लाना पड़ा। वहीं सेक्टर चार की गलियां भी जलमग्न रहीं। वाहनों को पूरी सावधानी के साथ अपने वाहनों को निकालना पड़ा। कुछ दोपहिया वाहन पानी के अंदर ही बंद हो गए, जिसे धक्का मारकर बाहर निकालना पड़ा।*

#### ड्रेनेज सिस्टम के जाम होने से पानी की निकासी नहीं

स्थानीय निवासियों ने बताया कि नालों की नियमित सफाई न होने और ड्रेनेज सिस्टम के जाम होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाई। लोगों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि समय रहते नालों की सफाई कर दी जाती, तो इस स्थिति से बचा जा सकता था। जलभराव के कारण बाजारों में भी असर देखने को मिला। दुकानों के सामने पानी जमा होने से व्यापार प्रभावित हुआ और ग्राहकों की आवाजाही कम रही। कई दुकानदारों को पानी अंदर जाने से बचाने के लिए अतिरिक्त इंतजाम करने पड़े। शहरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था की जाए और नालों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े।



## रामगोपाल कॉलोनी में गली नंबर चार का निर्माण कार्य शुरू

- 25 लाख रुपये की लागत से होगा कार्य
- मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम द्वारा शुक्रवार को शहर में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। वार्ड-13 की रामगोपाल कालोनी में गली नंबर-4 व उसकी सब-लेन के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ नारियल तोड़कर मेयर रामअवतार वाल्मिकी व वार्ड सदस्य कृष्णा की गरिमामयी उपस्थिति एवं नगर निगम से कार्यकारी अभियंता योगराज छिकारा, कनिष्ठ अभियंता वरूण मलिक आदि व स्थानीय नागरिको की उपस्थिति में किया गया। इस निर्माण कार्य पर लगभग 25 लाख रुपये की लागत आएगी।

मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने कहा कि नगर निगम का उदेश्य प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य सुनिश्चित करना है, ताकि शहर के सभी नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि गली की हालत काफी समय से खराब थी, जिससे स्थानीय निवासियों को आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अब इस गली के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। नगर निगम रोहतक शहर के समग्र और संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। महापौर ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें और शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

#### जल्द निर्माण कार्य होगा पूरा

नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि नगर निगम रोहतक पारदर्शिता एवं गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके है कि चल रहे विकास कार्यो का निरंतर निरीक्षण करें तथा निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि सभी क्षेत्रों का समान रूप से विकास हो सके। आने वाले समय में भी सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट, पार्कों एवं स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

### एआई व मशीन लर्निंग से फार्मा क्षेत्र में आएगा नैतिक और सतत बदलाव : डॉ. विनीत मित्तल




**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के प्राध्यापक एवं इंडियन फार्मास्युटिकल एसोसिएशन (आईपीए, हरियाणा) के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विनीत मित्तल ने जीवीएम ग्रुप ऑफ एजुकेशन सोनीपत में सस्टेनेबल एंड एथिकल इनोवेशंस इन आईटी, मैनेजमेंट एंड फार्मास्युटिकल साइंसेज विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने प्रभावशाली व्याख्यान में डॉ. विनीत मित्तल ने फार्मास्युटिकल क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकें दवा अनुसंधान, गुणवत्ता नियंत्रण और रोगी सुरक्षा को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इन तकनीकों के उपयोग में डेटा सुरक्षा, नैतिकता और पारदर्शिता जैसी चुनौतियां सामने आती हैं, जिन्हें संतुलित दृष्टिकोण और सुदृढ़ नीतियों के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं और शोधार्थियों को नवाचार के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देने का आह्वान करते हुए कहा कि तकनीक का सही उपयोग ही भविष्य के फार्मा क्षेत्र को मजबूत बनाएगा। सम्मेलन के दौरान डॉ. मित्तल के उत्कृष्ट योगदान और प्रेरणादायक विचारों के लिए उन्हें गेस्ट ऑफ ऑनर सम्मान से सम्मानित किया गया।



### पीजीआईएमएस के बीएससी ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के बीएससी मेडिकल टेक्नोलॉजी (ऑपरेशन थिएटर) के छात्रों ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में शत-प्रतिशत प्लेसमेंट प्राप्त किया है। सभी छात्रों का चयन ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च चंडीगढ़ जैसे शीर्ष संस्थानों में हुआ है। इस उल्लेखनीय सफलता के बाद छात्रों के एक समूह ने वरिष्ठ आचार्य निश्चेतन विभाग डॉ. सुशीला तक्षक से भेंट कर उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। छात्रों ने बताया कि डॉ. सुशीला तक्षक के प्रोत्साहन और मार्गदर्शन ने प्रत्येक छात्र को अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, छात्रों ने पीजीआईएमएस रोहतक के निदेशक एवं निश्चेतन विभागाध्यक्ष डॉ. एसके सिंघल से मुलाकात की और इस उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. एसके सिंघल ने सभी पूर्व छात्रों को इस उपलब्धि पर बहुत बधाई दी और आगे भी इसी तरह जीवन में तरक्की करने के लिए प्रेरित किया। ओटी मास्टर सत्यवान ने बताया कि इस उपलब्धि पर पीजीआईएमएस रोहतक के शिक्षक और कर्मचारी गर्व महसूस कर रहे हैं। मौके पर संदीप, सुजल साकेत दीक्षा, मीनाक्षी और कैलाश भी उपस्थित रहे।

### सीएम नायब सिंह सैनी की महम चौबीसी विकास रैली अनाज मंडी में 27 को

**महम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 27 मार्च को सुबह 11 बजे महम अनाज मंडी में एक रैली को संबोधित करेंगे। इस बात की जानकारी शुक्रवार को राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने काठमंडी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी। राज्य सभा सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने बताया कि रैली का नाम महम चौबीसी विकास रैली रखा गया है। क्योंकि इस दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महम अनाज मंडी से कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जबकि कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान महम हलके की जनता के लिए कई बड़ी घोषणाएं मुख्यमंत्री कर सकते हैं। सांसद जांगड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री से महम में राजकीय महिला महाविद्यालय बनाए जाने, महम में रिहायशी सेक्टर बनवाने, महम का उत्तरी बाइपास और नया बस अड्डा बनवाने, वर्तमान बस स्टैंड की जगह पर अस्पताल बनवाने, महम में जनस्वास्थ्य विभाग का एक्सईएन स्तर का कार्यालय खोलने समेत कई मुख्य मांग की जा सकती हैं। साथ ही गांवों के विकास के लिए एकमुश्त करोड़ों रुपए की ग्रांट जारी करने की मांग की जाएगी। लाखन माजरा में भी बस अड्डा बनवाने की मांग भी मुख्यमंत्री से की जाएगी। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक की। साथ महंत सतीश दास, शमशेर खरक, अजीत अहलावत, पंचायत समिति अध्यक्ष नवनीत राठी, नगर पालिका के उपाध्यक्ष बसंत लाल गिरधर, व्यापार मंडल महम के प्रधान जोगिंद्र गिरोत्रा, मनोज फरमाणा, नरेश बड़ाभैण व मुकेश आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

- राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने प्रेस कांफ्रेस कर दी जानकारी



रोहतक। चुनाव में दौरान मौजूद एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन रोहतक जोन के प्रधान बने डॉ. राजेश गहलावत

**रोहतक।** हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन हरियाणा के रोहतक जोन के चुनाव गौड़ कॉलेज रोहतक में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें रोहतक व झज्जर जिले के अराजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय के सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें रोहतक जॉन के प्रधान, उप प्रधान व महासचिव के लिए चुनाव किया गया। चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक के रूप में डॉ राजेंद्र परमार, डॉ दयानंद मलिक व डॉ सतीश नरवाल उपस्थित रहे। जोनल चुनाव में सर्वसम्मति से प्रधान डॉ राजेश गहलावत हिन्दू कॉलेज रोहतक, उप प्रधान डॉ. मोनिका, जाट कालेज, रोहतक व महासचिव डॉ सुरेंद्र, गौड़ कॉलेज, रोहतक को चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने कहा कि शिक्षक वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य किया जाएगा। हरियाणा कॉलेज टीचर एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान डॉ राजेंद्र परमार जी ने सभी रोहतक जोनल के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### पीजीआईएमएस रोहतक में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2026 पर भव्य कार्यक्रम

## नुक्कड़ नाटक, क्विज व स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों से दिया दांतों की सफाई का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस) के पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2026 के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल, डीन डॉ. अशोक चौहान और डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष डॉ. मंजुनाथ बीसी ने मौखिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौखिक स्वच्छता संपूर्ण स्वास्थ्य का अभिन्न हिस्सा है और इसके लिए नियमित जांच व सही देखभाल बेहद जरूरी है। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने अपने संबोधन में कहा कि मौखिक स्वास्थ्य को सामान्य स्वास्थ्य से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं डीन डॉ. अशोक चौहान ने ऐसे आयोजनों को शिक्षा और जनजागरूकता के लिए महत्वपूर्ण बताया। डीन छात्र कल्याण डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि छात्रों की भागीदारी से ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

#### अलग-अलग प्रतियोगिताएं हुई

कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, क्विज़ प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. भावना ने एक माह तक चलने वाले जागरूकता कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें स्वास्थ्य शिविर, स्कूलों में शिक्षा अभियान और वंचित वर्गों के लिए विशेष पहल शामिल रहीं। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के कई वरिष्ठ चिकित्सक और संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

### भूगोल विभाग में किया सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित 40 विद्यार्थियों को सम्मानित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में सहायक प्राध्यापक (कॉलेज कैडर) पद पर चयनित 40 विद्यार्थियों को शुक्रवार को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार की विशेष उपस्थिति रही, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रो. इंदरजीत सिंह एवं प्रो. केवी चमार मौजूद रहे। वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. बीनू सांगवान, प्रो. सचिंदर सिंह, प्रो. रेनू आर्य, एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. राजेश दलाल तथा असिस्टेंट प्रोफेसर प्रो. प्रदीप कुमार सहित विभाग के अन्य शिक्षकों ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित करना तथा वर्तमान छात्रों को प्रेरित करना रहा। अतिथियों ने अपने संबोधन में उच्च शिक्षा में करियर के अवसरों और शिक्षक के रूप में समर्पण के महत्व पर विचार साझा किए।



रोहतक। भूगोल विभाग में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में एमए एवं पीजी डिप्लोमा के विद्यार्थी तथा शोधार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थितरहे। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर हरियाणा सरकार की भर्ती नीति एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के सहयोग की सराहना की।

### छात्रों के विकास के लिए कार्यशालाएं जरूरी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय रोजगार कौशल विकास कार्यशाला शुक्रवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी सिंह द्वारा मुख्य वक्ता जयदीप मल्होत्रा (महिंद्रा प्राइड एवं नांदी फाउंडेशन हैदराबाद) के स्वागत से हुई। प्रो. शालिनी सिंह ने वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में बहु-कौशल की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि संचार कौशल, सॉफ्ट स्किल्स, तकनीकी दक्षता, समूह चर्चा, प्रोजेक्ट प्रस्तुति, ईमेल लेखन, वित्त प्रबंधन, संक्षिप्त विवरण तैयार करना, इंटरव्यू स्किल्स तथा टीमवर्क जैसे गुण विद्यार्थियों को रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. दिव्या मल्हान ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की कार्यशालाएं नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं, जिससे वे विषय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और जीवनोपयोगी कौशल भी हासिल कर सकें। मुख्य वक्ता जयदीप मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को रोजगार के बदलते परिदृश्य, व्यक्तित्व विकास और प्रभावी संचार कौशल के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



रोहतक। मुख्य वक्ता जयदीप मल्होत्रा को सम्मानित करती प्रो. शालिनी और प्रो. दिव्या। फोटो : हरिभूमि

## जिले में हर साल वन विभाग लगाता है तकरीबन डेढ़ लाख पौधे, केवल फोटो सेशन तक सीमित न रहे अभियान

### वन विभाग ने कहा फ्री में पौधे ले जाने वाले नहीं करते उनकी देखभाल

# जो लगाएगा पौधा, वही 5 साल तक करेगा देखभाल भी पंचायतों का दावा, हम करेंगे पौधों की पेड़ बनने तक संभाल

**विभाग का दावा, 70 से 80 प्रतिशत तक पौधे पेड़ का रूप करते हैं धारण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश में पौधरोपण अभियान को केवल कागजी सफलता से निकालकर जमीनी हकीकत में बदलने के लिए नई पहल की जा रही है। अब जिस विभाग या संस्था द्वारा मानसून सीजन में पौधे लगाए जाएंगे, वही उनकी कम से कम पांच साल तक देखभाल के लिए जिम्मेदार होगा।

इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लगाए गए पौधे केवल फोटो सेशन तक सीमित न रहें, बल्कि बड़े होकर पेड़ का रूप लें और पर्यावरण को शुद्ध करें।

जिले में हर साल करीब 1.5 लाख पौधे रोपे जाते हैं। वन विभाग को अपवाद मान लें तो पंचायतें ही सबसे ज्यादा पौधे रोपण कराती हैं। क्योंकि इनके पास संसाधन हैं। पंचायती जमीन/ तालाबों के किनारे पौधे लगाए जाते हैं।

वन विभाग पंचायतों को मुफ्त में पौधे उपलब्ध कराता है। अभी तक पौधरोपण से कुछ हासिल हुआ हो या नहीं, ये अलग मुद्दा है, लेकिन अब विकास एवं पंचायत विभाग सुनिश्चित करेगा कि जो पौधे इस बार लगाए जाएंगे, वे पेड़ भी बनें। ध्यान रहे कि वर्षों से हर मानसून में वन विभाग पंचायतों, शिक्षा विभाग और अन्य सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों को मुफ्त में पौधे उपलब्ध कराता है। ताकि जिले में हरियाली बढ़े और वन क्षेत्र का विस्तार हो सके।

#### केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं



*केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है। जब तक उनकी सही तरीके से देखभाल नहीं की जाएगी, तब तक हरियाली बढ़ाने के लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। उनका सुझाव है कि पौधरोपण के बाद कम से कम तीन से पांच साल तक विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है, क्योंकि यही समय पौधों के जीवित रहने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है।*

*-प्रो. राजेश धनखड़
पर्यावरण विज्ञान विभाग
महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक*

#### जिम्मेदारी तय करना जरूरी



*पौधरोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल को लेकर जिम्मेदारी तय करना बेहद जरूरी है। पौधे लेने वाले विभागों को उनकी देखरेख की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। इसमें नियमित सिंचाई, पौधों के चारों ओर सुरक्षा घेरा लगाना और समय-समय पर निगरानी शामिल होगी।*

*-सुभाष कालरा, रेंज अफसर
वन विभाग रोहतक*

#### हिदायतें जारी करेंगे



*पौधरोपण के बाद उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के लिए उनके चारों ओर सुरक्षा घेरा (ट्री गार्ड) लगाने पर विचार किया जा रहा है। जब मानसून में पौधरोपण अभियान शुरू होगा तो पंचायतों को पौधों के संरक्षण के लिए विभाग की तरफ से हिदायतें जारी की जाएंगी।*

*-राजपाल चहल, जिला विकास एवं
पंचायत अधिकारी, रोहतक*

#### बड़े स्तर पर चलाया जाता है पौधरोपण अभियान

मालूम रहे कि मानसून आते ही बड़े स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है। जनप्रतिनिधि, अधिकारी और विभिन्न संस्थाएं उत्साह के साथ पौधे लगाते हुए नजर आते हैं। फोटो खिंचवाने और सोशल मीडिया पर पोस्ट करने तक यह अभियान पूरी सक्रियता के साथ चलता है, लेकिन इसके बाद इन पौधों की सुध लेने वाला कोई नहीं होता। परिणामस्वरूप, पानी, सुरक्षा और नियमित देखभाल के अभाव में अधिकांश पौधे कुछ ही महीनों में सूख जाते हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि वर्षों से चली आ रही है। विभाग के अनुसार, जो पौधे वन विभाग स्वयं लगाता है और उनकी नियमित देखभाल करता है, उनमें से 70 से 80 प्रतिशत तक जीवित रहते हैं। ये पौधे पांच से सात साल के भीतर विकसित होकर पेड़ का रूप ले लेते हैं।